मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-236
30/04/2021

मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध पत्रकार रोहित सरदाना की कोरोना से निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 30 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध पत्रकार रोहित सरदाना की कोरोना से निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि रोहित सरदाना ने देश के बड़े मीडिया संस्थानों में काम किया और अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। वे न्यूज एंकर के रुप में काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******